बालभवन बालिका विद्यापीठ लखीसराय

कक्षा – चतुर्थ **दिनांक** -15-09-2020

विषय -हिन्दी (व्याकरण) **विषय शिक्षक -पंकज कुमार**

एन, सी, ई, आरटी, पर आधारित

सुप्रभात बच्चों आज समूहवाची शब्द के बारे में अध्ययन करेंगे।

समूहवाची शब्द

अलग - अलग समूह के लिए कुछ विशेष शब्द प्रचलित हैं। उनका प्रयोग हर किसी शब्द के साथ नहीं किया जा सकता।

कुछ प्रमुख समूहवाची शब्द निम्नलिखित हैं -

गुच्छा - अंगूरों / लीची / केले / फूलों / बालों / चाबियों का

दल - घुड़सवारों / टिड्डियों का

जत्था - यात्रियों / सत्याग्रहियों / आंदोलनकारियों / सैनिकों का

मंडली - गायकों / कलाकारों / मूर्खों / साधुओं / मित्रों की

छत्ता - मधुमक्खियों / ततैयों का

काफ़िला / लश्कर - सेना, घोड़ों, ऊँटों आदि का

गड्डी - कागज़ / नोटों की

कुंज - लताओं का

गट्ठर - लकड़ियों / कपड़ों का

ढेर - कूड़े / अनाज का

टुकड़ी - सेना / पुलिस की

दस्ता - पुलिस का

श्रृंखला - पर्वतों / घटनाओं की

टीम - खिलाड़ियों / डाक्टरों की

मंडल - नक्षत्रों / तारों का

रेवड़ - भेड़ / बकरियों का

जोड़ा - जूतों / जुराबों का